# यूपी ट्रेड शो से बड़े बाजार की तलाश

## तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए अफ्रीका, यूरोप व अमेरिका के बाजार में प्रवेश की तैयारी है। यूपी सरकार अपने इस मेगा इवेंट के जरिए निर्यातकों, उद्यमियों, कारीगरों व हस्तशिल्पयों को उनके उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बड़े पैमाने पर पहुंचाना चाहती है। इसके लिए विदेशी कारोबारियों व यूपी के उद्यमियों को एक प्लेटफार्म पर लाकर बड़े सौदे अंजाम दिए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से चार दिन के ट्रेड शो के लिए तैयारी की जा रही है।

ग्रेटर नोएडा के इंडियन एक्सपो व मार्ट में होने वाले इस आयोजन का 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शुभारंभ कराया जाएगा जबकि उपराष्ट्रपति इसका समापन करेंगे। यूपी सरकार ने पहली बार इस इवेंट के लिए वियतनाम को इंडस्ट्री पार्टनर बनाया है। करीब 110000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 2500 से ज्यादा उद्यमी अपने स्टाल लगा अपने उत्पाद पेश करेंगे।

## दिल्ली और मुंबई में रोड शो कर कारोबारियों को न्योता

इस ट्रेड शो के लिए एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार व अन्य अधिकारियों ने पिछले दिनों दिल्ली व मुंबई जाकर रोड शो कर वहां के कारोबारियों को यूपी आने का न्योता दिया और यहां के कारोबारियों के साथ मिल कर उद्यम चलाने या व्यापारिक साझेदारी का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने इस साल फरवरी में कर्टेन रेजर आयोजन लखनऊ में किया था। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर 11 अगस्त को ट्रेड शो की तैयारियों व विदेशी उद्यमियों के आगमन के बाबत आयोजन की समीक्षा बैठक करेंगे।